प्रतिक्रियाएं / Feedbacks

विज्ञान प्रकाश उन बहुत कम पत्रिकाओं में से एक है, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य, हिंदी भाषा में प्रकाशित करती है। यह उच्च मूल्यवान वैज्ञानिक पत्रों के समावेश/चयन के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार मानकों और गुणवत्ता को बनाए हुई है। लेखों में शुद्ध विज्ञान में कई समस्याएं और कृत्रिम बुद्धि मत्ता जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। ये लेख पाठकों को विशेष रूप से हिंदी भाषी राज्यों में मदद करते हैं, जहां युवा वैज्ञानिकों को अनुसंधान समस्याओं की पहचान के लिए प्रारंभिक जोर देने की आवश्यकता होती है, क्योंकि अधिकांश उपलब्ध वैज्ञानिक साहित्य अंग्रेजी भाषा पर आधारित है। इसके अलावा, इस पत्रिका का उद्देश्य विद्वानों/शोधकर्ताओं के बीच हिंदी वैज्ञानिक लेखन कौशल को शामिल करना है। विज्ञान प्रकाश के संपादकीय समूह को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

Author: Amit Kumar, Bhaskaracharya College of Applied Sciences, University of Delhi,
amit.kumar@bcas.du.ac.in

हिन्दी में शोध पत्र को लिखने तथा हिन्दी जर्नल में जमा करने का ये मेरा पहला अनुभव है। हिन्दी में शोध पत्र लिखना दिलचस्प है और इसके लिए उपयुक्त जर्नल की खोज करना भी महत्वपूर्ण है जो नियमित प्रकाशित होता हो और जिसमें शोधपत्र की समीक्षा उपयुक्त मानक पर होती हो। मैंने विज्ञान प्रकाश इसीलिए चुना क्योंकी एक नियमित प्रकाशित होने वाला जर्नल है और यह गुणवत्तापरक शोधपत्र को संकलित करता है। इसकी पूरी समीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी है और इसके सभी चरण की जानकारी लेखक को संपादक एवं समीक्षा समन्वयक द्वारा दी जाती है। समीक्षको से मिलने वाले सुझाव से मेरे शोधपत्र की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। यह शोधपत्र अकादमिक के साथ साथ उद्योगों में काम करने वाले फोरमैन के लिए भी उपयोगी है तथा शोधपत्र के आसान भाषा व सरल वर्णन इस कार्य को आसान करते है। यह जर्नल नई शिक्षा नीति के संकल्प को भी सही दिशा प्रदान कर रही है।

Authors: Shubham Srivastava, Dr. Nandan Kumar & Dr. Chandra Shekhar Malvi
shubhams0309@gmail.com, nandan.leeds@gmail.com, csmalvi@mitsgwalior.in

शोध पत्रिका 'विज्ञान प्रकाश' की वृहत् एवं सुनियोजित समीक्षा प्रक्रियॉ मेरे शोध आलेख को उसकी प्रस्तुति से लेकर प्रकाशन हेतु स्वीकृति तक की यात्रा में आलेख की गुणवत्ता को सुधारने के क्रम में बहुत ही शिक्षाप्रद रही। न्यूनतम संभव समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ शोध आलेख का प्रकाशन हो सके इसके लिए मुख्य संपादक महोदय तथा समीक्षा समन्वयक (Review coordinator) की तत्परता एवं क्रियाशीलता अनुकरणीय एवं सरहानीय लगा। देश में तकनीकी शिक्षण संस्थानों के विनियमन के लिए स्थापित सर्वोच्च सांविधिक निकाय 'अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद' द्वारा हिन्दी में शोध पत्रों के प्रकाशन को अंग्रेजी भाषा के शोध पत्रों के बराबर महत्व (क्रेडिट/वेटेज) दिया जाए इस हेतु परिषद के समक्ष सुझाव/अनुरोध प्रेषित किया जाना उचित होगा। ऐसा होने पर ही हम सही मायनों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज्ञान के प्रसार को अपेक्षित स्तर तक पहुंचाने में सफल होगें, ऐसा मेरा विश्वास है।

Author: Dr. S. S. L. Patel, Government Polytechnic Korba, Chhattisgarh, *sslpatel@gmail.com*

शोध–लेखों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पत्रिका की आलोचनात्मक समीक्षा अच्छी है। समीक्षकों की टिप्पणियों के अनुसार लेखकों को हमेशा शोध–पत्र सुधारने का मौका मिलता है । कुल मिलाकर इस पत्रिका में शोध–पत्र प्रकाशित करने का अनुभव संतोषजनक रहा । मेरे व्यक्तिगत अनुभव के अनुसार समीक्षा प्रक्रिया की समय अवधि को कम करने के लिए लेखकों द्वारा सुझाये गये समीक्षकों द्वारा ही शोध–पत्र की समीक्षा की जानी चाहिए ।

Authors: Sumit Sharma, Dr. Subhash Chandra, University of Delhi, Delhi
Sumitpunjab96@gmail.com, *schandra@sanskrit.du.ac.in*